ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

ANSWER SHEET – 17

Sub : Hindi Text 2nd Term **Class : IIB** **Date : 08.10.2020**

Topic : हमारा तिरंगा झंडा

1. हमारा राष्ट्र-ध्वज कौन सा हैं? हमारे ध्वज में कितनी पट्टियाँ है तथा चक्र हमें क्या प्रेरणा देता है?

उत्तर तिरंगा झण्डा हमारा राष्ट्र-ध्वज हैं। हमारे ध्वज में तीन पट्टियाँ है। सबसे ऊपर केसरिया, फिर सफेद और सबसे नीचे हरी। सफेद पट्टी में नीले रंग का चक्र है। यह प्रगति की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करता हैं।

2. केसरिया, सफेद तथा हरा रंग किसका प्रतीक हैं?

उत्तर हमारा राष्ट्र-ध्वज तीन पट्टियों से मिलकर बना है। केसरिया रंग की पट्टी हमें वीरता और बलिदान की याद दिलाता है। सफेद रंग की पट्टी सच्चाई और पवित्रता के साथ साथ शांति का प्रतीक है। गहरे हरे रंग की पट्टी खुशहाली का प्रतीक हैं।

3. ध्वज को फहराते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

उत्तर हमें सदा अपने राष्ट्रीय झंडे का सम्मान करना चाहिए। इसे फहराते समय हन बातों का ध्यान रखना चाहिए। इसकी केसरिया पट्टी सदा ऊपर रहनी चाहिए। इसे अन्य झंडों से ऊँचा रखकर फहराना चाहिए। संध्या के समय इसे उतार लेना चाहिए। इसे कभी भी फटी हुई दशा में नहीं फहराना चाहिए।

Sangeeta Khosla